भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-*186**

उत्तर देने की तिथि-12.02.2026

**केरल में पीएम-जनमन की स्थिति**

**† *186. श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा:**

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केरल में प्रधान मंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) की प्रगति का आकलन किया है और यदि हां, तो स्वीकृत और पूरी की गई परियोजनाओं सहित तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार पीएम-जनमन के कार्यान्वयन में कमियों, विशेषकर पीएम-जनमन में शामिल केरल के गांवों में प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकानों को पूरा करने में हो रही देरी की समस्या को दूर करने के लिए कार्रवाई करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) केरल में पीएम-जनमन के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत और पूरी की गई पीएम-जनमन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार को वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत धनराशि जारी न किए जाने के कारण परियोजनाओं को पूरा करने में होने वाले विलंब के संबंध में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लाभार्थियों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य मंत्री

(श्री जुएल ओराम)

(क) से (ड.)**:** विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा "केरल में पीएम-जनमन की स्थिति" के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को उत्तर के लिए उठाए गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *186 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में संदर्भित ब्यौरा।**

(क), (ख) और (घ): केरल में वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिलों सहित पीएम-जनमन के तहत ज़िला-वार किए गए उपायों के ब्यौरे **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

पीएम-जनमन के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय नियमित रूप से राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों के साथ कार्यान्वयन की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, पीएम-जनमन के तहत कार्यों की प्रगति की निगरानी के लिए पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर डिजिटल डैशबोर्ड विकसित किया गया है। मंत्रालयों और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ निगरानी और समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परियोजना निगरानी इकाई भी स्थापित की गई है। इसके अलावा, केरल राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में निर्माण की उच्च लागत को पूरा करने के लिए राज्य स्तरीय वित्त अनुदान (लाइफ मिशन) के समन्वय के माध्यम से पीएमएवाई-जी घरों के निर्माण का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

(ग) इस अभियान के तहत जनजातीय कार्य मंत्रालय के उपायों की वित्तीय प्रगति के ब्यौरे **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

(ड.) जी नहीं, महोदय ।

**अनुलग्नक-I**

**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा "केरल में पीएम-जनमन की स्थिति" के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को उत्तर के लिए उठाए गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *186 के भाग (क), (ख) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**केरल में पीएम जनमन के तहत किए गए उपायों की जिला-वार प्रगति के ब्यौरे (31.12.2025 तक)***

| जिला का नाम | कासरगोड | कोझिकोड | मलप्पुरम | पलक्कड़ | त्रिशूर | वायनाड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वीकृत मकान** | 19 | 2 | 22 | 158 | 120 | 763 |
| पूरे हुए मकान | - | - | - | - | - | 11 |
| **पीने के पानी की आपूर्ति के लिए स्वीकृत किए गए गांवों की संख्या** | 21 | 3 | 18 | 16 | 2 | 36 |
| संतृप्त गांवों की संख्या | - | - | 1 | - | - | - |
| **स्वीकृत एमएमयू** | 1 | 1 | 6 | 5 | 1 | 10 |
| **स्वीकृत किए गए छात्रावास (संख्या)** | - | - | 1 | 1 | 1 | 1 |
| पूरे हुए (संख्या) | - | - | - | - | - | - |
| **स्वीकृत किए गए आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या** | - | - | - | 4 | - | 3 |
| संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या | - | - | - | 4 | - | 3 |
| **मोबाइल कनेक्टिविटी कवरेज के लिए स्वीकृत की गई पीवीटीजी बस्तियों की संख्या** | - | - | 2 | 16 | 1 | 30 |
| कवर की गई पीवीटीजी बस्तियों की संख्या | - | - | 2 | 10 | 1 | 18 |
| **स्वीकृत किए गए आवास (ऑन-ग्रिड)** | 35 | 11 | 38 | 221 | 40 | - |
| विद्युतीकृत आवास | 22 | 11 | 24 | 216 | 40 | - |
| **स्वीकृत किए गए आवास (सौर ऊर्जा)** | - | - | 8 | 90 | - | - |
| विद्युतीकृत आवास | - | - | - | - | - | - |
| **स्वीकृत किए गए वीडीवीके की संख्या** | - | - | - | 5 | - | 2 |
| कार्य शुरू करने वाले वीडीवीके की संख्या | - | - | - | 3 | - | 2 |
| **स्वीकृत किए गए एमपीसी की संख्या** | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 8 |
| कार्य पूर्ण होने वाले एमपीसी की संख्या | 1 | - | - | - | - | 3 |

***संबंधित लाइन मंत्रालयों से मिली सूचना के अनुसार।**

**अनुलग्नक-II**

**श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा "केरल में पीएम-जनमन की स्थिति" के संबंध में दिनांक 12.02.2026 को उत्तर के लिए उठाए गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *186 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

केरल में जनजातीय कार्य मंत्रालय के उपायों के अंतर्गत पीएम-जनमन के तहत वित्तीय प्रगति के ब्यौरे*

(2) एमपीसी (करोड़ रुपये में)

| **कुल स्वीकृत निधियां** | **2023-24 के दौरान जारी की गई निधियां** | **2024-25 के दौरान जारी की गई निधियां** | **2025-26 के दौरान जारी की गई निधियां** | **एसएनए स्पर्श (एसपीएआरएसएच) पर बंद किए गए बिल** |
|---|---|---|---|---|
| 9.00 | 2.29 | - | - | 0.87 |

(ii) वीडीवीके (लाख रुपये में)

| **वित्तीय वर्ष 2023-24** | | **वित्तीय वर्ष 2024-25** | | **वित्तीय वर्ष 2025-26** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वीकृत** | **जारी किया गया** | **स्वीकृत** | **जारी किया गया** | **स्वीकृत** | **जारी किया गया** |
| 21.65 | 8.225 | 5.2 | 0 | 0 | 2.6 |

* अन्य मंत्रालयों/विभागों द्वारा किए जाने वाले उपायों की वित्तीय प्रगति का रिकॉर्ड संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा रखा जाता है।

*****